एक बार जो रघुबर की

एक बार जो रघुबर की,
नजरो का इशारा हो जाये...-2
तेरी लगन में खो जाऊँ मैं,
दुनिया से किनारा हो जाये।।
एक बार जो रघुबर की.....

श्री राम तुम्हारे चरणों में,
आशीष सभी को मिलती है...-2
यह धूल तुम्हारी मिल जाये,
जीवन का सहारा हो जाये।
एक बार जो रघुबर की.....

सरकार तुम्हारी महफ़िल में,
तकदीर बनाई जाती है....-2
मेरी भी बिगड़ी बन जाये,
एहसान तुम्हारा हो जाये।
एक बार जो रघुबर की.....

ये श्री राम का मंदिर है,
भागीरथी गंगा बहती है....-2
सब लोग यहाँ पे तरते है,
भव पार सभी का हो जाये।
एक बार जो रघुबर की,
नजरो का इशारा हो जाये....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22974/title/ek-baar-jo-raghuvar-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |